Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand for reduction of import duty on Asafoetida (Heeng).

श्री राजवीर दिलेर (हाथरस): धन्यवाद आदरणीय अध्यक्ष महोदय

मेरी लोक सभा क्षेत्र हाथरस में हींग और रंग-गुलाल का कार्य बड़ी मात्रा में होता है। हाथरस को हींग की नगरी के नाम से जाना जाता है। भारतीय भोजन के लिए हींग स्वाद के साथ-साथ अत्यंत पाचक भी है। जिसके लिए कच्चा माल उजबेकिस्तान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान से आयात होता है।

इस पर आयात शुल्क 29.9 प्रतिशत है तथा अन्य खर्चें भी लगते हैं, जिस कारण से इसकी कीमतें बढ़ जाती हैं। हींग को हाथरस में तैयार करके भारतीय उपभोक्ताओं के अलावा कुवैत, सऊदी अरब सहित अनेक देशों में निर्यात करके विदेशी मुद्रा अर्जित की जाती है। मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि हींग पर आयात शुल्क को कम करने तथा निर्यात को प्रोत्साहित करने हेतु कदम उठाए जाने के साथ ही साथ, इस उद्योग के लिए विशेष पैकेज प्रदान किया जाए, ताकि इस उद्योग को बढ़ावा मिल सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राजवीर दिलेर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।